दैनिक न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना- राशिफल
रायगढ़, शनिवार 19 जनवरी 2019
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# भूमिहीन किसानों की सुध

चुनावी मौसम के दौरान पंजाब में योजनाओं की बारिश हो रही है। कुछ समय पूर्व राज्य सरकार ने कर्मचारियों को तनख्वाह बढ़ाने का प्रलोभन दिया। कैप्टन अमरेंद्र सिंह सरकार ने छोटे किसानों को उनके कर्ज माफी का तोहफा दिया था। अब बारी थी गरीब भूमिहीन किसानों की जो हमेशा उपेक्षित व अनदेखा रहे। अब ऐसे किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाने का पहली बार किसी सरकार ने प्रयास किया है, जो समाज के लिए बहुत आवश्यक है। यदि इसे वोट बैंक राजनीति के तहत भी किया जा रहा है तो भी यह एक नेक काम ही है क्योंकि पिछले महीने तीन राज्यों में उन सरकारों की हार गांव के इन गरीब तबकों की अनदेखी की वजह से हुई थी। ये भूमिहीन किसान हमेशा समाज के सबसे उपेक्षित और सबसे ज्यादा असुविधा में रहने वाले ग्रामीण जनसंख्या के एक महत्वपूर्ण हिस्से हैं। ये हमेशा राजनीतिज्ञों की योजनाओं से अनदेखे ही रहे हैं। यहां पर यह उल्लेख पंजाब खेत मजदूर यूनियन सर्वे का, जो कि 2017 में प्रतिपादित किया गया था, बहुत महत्वपूर्ण है। इस सर्वेक्षण की गणना समाज को झकझोर देने वाली निकली।

सर्वेक्षण के अनुसार 85 फ़ीसदी खेत मजदूर औसतन 91000 रुपये के कर्ज में हैं। उनकी समस्याएं, जिनकी वजह से उन्होंने कर्ज लिया, लगभग रोज की दाल-रोटी चलाने की है। जिसके लिए वे साहूकारों, छोटी-छोटी फाइनेंस कंपनियों और जमीदारों से कर्ज लेते हैं और उन्हें 18 से 60 प्रतिशत ब्याज की दर पर कर्ज मिलता है। ऐसे में कांग्रेस सरकार के प्रस्ताव के अनुसार इन खेतिहर मजदूरों को 500 रुपये तक के कर्ज से निजात दिला दी जाएगी। जिससे लगभग 3.7 लाख खेत मजदूरों का फायदा होगा। इस योजना के लिए वित्तीय संकट से गुजर रही पंजाब सरकार को लगभग 600 करोड़ रुपयों की आवश्यकता होगी परंतु साथ ही सरकार को इन किसानों को समस्याओं से निकालने के लिए कोई नई योजना बनानी पड़ेगी क्योंकि कर्ज माफी किसी भी समस्या का स्थाई हल नहीं होती। यह योजना वास्तव में समाज के लिए एक उदाहरण होगी।

# नौकरी करने वालों को लिए गुड न्यूज: इस साल बढ़ सकती है 10 प्रतिशत सैलरी



नई दिल्ली। नौकरी कर रहे लोगों के लिए बेहद अच्छी खबर है. इस साल आपको 10त्न तक का इन्क्रीमेंट मिल सकता है. ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म कॉर्न फेरी के मुताबिक भारत में अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार और ग्रोथ के अच्छे आंकड़ों के दम पर इस साल कंपनियां कर्मचारियों की सैलरी 10 प्रतिशत तक बढ़ा सकती हैं. यही नहीं एशिया में भारत ही एकमात्र ऐसा देश होगा, जहां तनख्वाह दहाई अंकों में बढ़ेगी.

**क्या है अनुमान?**

रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में देश में वेतनवृद्धि पिछले साल के नौ फीसदी के मुकाबले इस बार 10 फीसदी रह सकती है. हालांकि, वास्तव में आपकी सालाना ग्रोथ कितनी हुई है, ये महंगाई दर पर निर्भर करता है. और आसान भाषा में कहें, तो हर साल जितना पैसा बढ़ता है और हर साल जितनी महंगाई बढ़ती है, उन दोनों के बीच का अंतर वास्तविक ग्रोथ होता है. कॉर्न फेरी इंडिया के ष्टश्वह्र नवनीत सिंह ने कहा कि तेज इकोनॉमिक ग्रोथ के बल पर कुल वेतन वृद्धि और वास्तविक वेतन वृद्धि के मामले में भी भारत एशिया में टॉप पर रहेगा.

**एशिया के बाकी देशों में इनक्रीमेंट अनुमान**

रिपोर्ट के अनुसार, एशिया में इस साल कर्मचारियों का वेतन 5.6 फीसदी की दर से बढ़ सकता है. रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर कुल इन्क्रीमेंट से महंगाई की दर हटा दें तो वास्तविक ग्रोथ करीब 2.6 परसेंट ही रहेगी.

अन्य एशियाई देशों में 2019 के दौरान वास्तविक वेतन वृद्धि चीन में 3.2 फीसदी, जापान में 0.10 फीसदी, वियतनाम में 4.80 फीसदी, सिंगापुर में तीन फीसदी और इंडोनेशिया में 3.70 फीसदी रह सकती है.

## डीजल के दाम में 9वें दिन वृद्धि जारी, पेट्रोल के भाव भी बढ़े

नई दिल्ली (आरएनएस)। डीजल में दाम में वृद्धि का सिलसिला लगातार नौवें दिन जारी रहा। वहीं, पेट्रोल की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन बढ़ोतरी दर्ज की गई।



उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में एक दिन की नरमी के बाद फिर तेजी लौटी है। कच्चे तेल के दाम में पिछले दिनों आई तेजी के बाद तेल विपणन कंपनियां पेट्रोल और डीजल के भाव में लगातार वृद्धि कर रही है।

तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को दिल्ली और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में आठ पैसे जबकि मुंबई और कोलकाता में सात पैसे प्रति लीटर का इजाफा किया। डीजल की कीमतें दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में 19 पैसे, जबकि मुंबई में 20 पैसे प्रति लीटर बढ़ गई हैं।

## एयरटेल के 199 रुपये के प्लान में अब मिलेगा ज्यादा डेटा

नई दिल्ली। भारतीय टेलीकॉम दिग्गज भारती एयरटेल ने अपने पॉपुलर प्रीपेड प्लान को रिवाइज किया है. यह प्लान 199 रुपये का है. इसके तहत अब कंपनी यूजर्स को हर दिन 1.4 जीबी डेटा देती है. लेकिन अब इसे बढ़ा कर 1.5 जीबी डेटा कर दिया गया है. यानी महीने में आपको 2.8GB का एडिशनल डेटा इसी कीमत पर दिया जा रहा है. हालांकि रिलायंस जियो द्वारा इस कीमत पर दिया जाने वाला डेटा अब भी एयरटेल से ज्यादा है. Jio की बात करें तो यहां आपको 198 रुपये में हर दिन 2 जीबी 4 जी डेटा मिलता है. इस प्लान में दिए जाने वाले दूसरे फायदों की बात करें तो यहां अनिलिमिटेड लोकल नेशनल वॉयस कॉल दी जाती है. हर दिन 100 स्द्वस् कर सकते हैं और





इसकी वैलिडिटी 28 दिन की है. टोटल डेटा की बात करें तो जियो में आपको 56जीबी डेटा मिलता है, जबकि एयरटेल इससे 14GB कम है. हालांकि इससे पहले एयरटेल का डेटा और भी कम था.

आपको बता दें कि अब कंपनियां नए प्लान लाने के बदले पुराने प्लान को रिवाइज कर रही हैं. हाल ही में बीएसएनएल ने भी अपना पुराना 399 का प्लान रिवाइज करके ज्यादा डेटा देने का ऐलान किया है. 399 रुपये पुराने पैक में कंपनी हर दिन 1 जीबी 3जी डेटा देती थी, लेकिन अब इसे बदल कर हर दिन 3.21 जीबी डेटा कर दिया गया है. यानी इस बदलाव में काफी ज्यादा डेटा एक्स्ट्रा दिया गया है. इस मामले में बीएसएनएल जियो से आगे है, क्योंकि इतने के ही प्लान में जियो हर दिन 1.5 जीबी डेटा देता है. हालांकि जियो 4 जी डेटा देता है, जबकि बीएसएनएल 3त्न डेटा होता है. वैलिडिटी भी बीएसएनएल की 74 दिन है, जबकि जियो के इस प्लान की वैलिडिटी 84 दिन की है. इसके अलावा बीएसएनएल ने कुछ समय पहले ही एक प्रीपेड प्लान लॉन्च किया था जो 1,312 का है. ये सालाना प्लान है और इसके तहत 5 जीबी डेटा, अनलिमिटेड लोकल नेशनल कॉल्स और 1,000 एसएमस दिए जाते हैं और इसकी वैलिडिटी एक साल की है.

## 28 करोड़ के पार पहुंची रिलायंस जियो यूजर्स की संख्या

नई दिल्ली। टेलीकॉम क्षेत्र में अपने सस्ते रीचार्ज पैक से धूम मचाने वाली कंपनी Reliance Jio Infocomm को बड़ा मुनाफा हुआ है। पिछले साल अक्टूबर-दिसंबर 2018 के बीच रिलायंस जियो इंफोकॉम के नेट प्रॉफिट में 65 प्रतिशत का उछाल आया। वित्तीय वर्ष 2018-19 के तीसरी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 831 करोड़ पहुंच गया। कंपनी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2017-18 के अक्टूबर-दिसंबर माह का नेट





प्रॉफिट 504 करोड़ था।

Reliance Jio का अक्टूबर से दिसंबर माह का रेवेन्यू 10,383 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 6,879 करोड़ था। 31 दिसंबर 2018 तक रिलायंस जियो का सब्सक्राइबर बेस 28.01 करोड़ पहुंच चुका था। हर सब्सक्राइबर से कमाई 131.7 रुपये से थोड़ी कम होकर 130 रुपये प्रति माह हो गई है।

प्रति यूजर की औसत डेटा खपत 10.8 जीबी प्रति माह और प्रति यूजर की औसत वॉयस खपत 794 मिनट प्रति माह रही। वीडियो खपत में तेजी से बढ़त दर्ज की गई और कंपनी ने बताया कि आंकड़ा प्रति माह 460 करोड़ ऑवर रहा।

## घर से बाहर नहीं निकल रहा मेरा बेटा - हार्दिक के पिता



नई दिल्ली। हार्दिक पांड्या के पिता ने बुधवार को कहा है कि हरफनमौला खिलाड़ी हाल ही में हुए विवाद के बाद घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं और न ही किसी का फोन उठा रहे हैं। हार्दिक को 'कॉफी विद करण' शो पर महिलाओं के खिलाफ दिए गए बयान के बाद बीसीसीआई ने प्रतिबंधित कर दिया था और आस्ट्रेलिया से वापस बुला लिया था। हार्दिक ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना बंद कर दिया है। उन्होंने मकर संक्रांति भी नहीं बनाई। हार्दिक का परिवार गुजरात के बड़ौदा से आता है और गुजरात में इस त्योहार के काफी मायने हैं।

## आज का राशिफल

मेषः लक्ष्मीजी की कृपा आप पर बरसेगी, ऐसा गणेशजी कहते हैं। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक होगा लेकिन मध्याह्न के बाद आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभः आज का दिन शुभफलदायी है। व्यवसाय में स्थिति अनुकूल रहेगी तथा आपके कार्य की प्रशंसा भी होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्य भी सरलतापूर्ण संपन्न होंगे और लाभ भी होगा। दांपत्य जीवन में आमोद-प्रमोद छाया रहेगा।

मिथुनः प्रतिस्पर्धियों और उच्च अधिकारियों के साथ वाद-विवाद न करने की गणेशजी की सलाह है। आमोद-प्रमोद से संबंधित वस्तुओं को खरीदने में खर्च अधिक होने की संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्कः अनैतिक कार्य और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की गणेशजी की सलाह है। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार ना हो, इसका ध्यान रखें। मध्याह्न के बाद विदेश से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

सिंहः स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगा। साझेदारों के साथ चर्चा सकारात्मक होगी।

कन्याः आपके स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। कार्य सफलता से प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

तुलाः अपनी बौद्धिक शक्ति से आगे बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें इसलिए यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं। मध्याह्न के बाद कार्य-सफलता मिलने से मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिकः आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव में हठीलापन छोड़कर आगे बढ़ेंगे तो अनेक समस्याओं का छुटकारा मिलेगा। नए वस्त्राभूषण तथा प्रसाधन के पीछे धन का खर्च अधिक होने की आशंका है।

धनुः शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन बनेगा। मित्रों के साथ समय का आनंदपूर्वक सदुपयोग हो जाएगा।

मकरः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। धार्मिक कार्यों और उपासना के पीछे धन का खर्च हो सकता है। मध्याह्न के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभः आज आध्यात्मिक विषयों की तरफ झुकाव अधिक रहेगा। शारीरिक प्रफुल्लता और मानसिक प्रसन्नता दिनभर बनी रहेगी। मध्याह्न के बाद आप धार्मिक कार्यों के प्रति आकर्षित रहेंगे।

मीनः धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय सावधानी बरतें, ऐसा गणेशजी कहते हैं। किसी के भी कार्य में विघ्न न डालें। वाणी और ोध पर संयम बरतें।

## इन राशियों पर रहेगा शनि की ढैया और साढ़ेसाती का प्रभाव

ज्योतिष शास्त्र में शनि को न्यायाधीश माना गया है. जन्म पत्रिका का आकलन करते समय के प्रभाव को भी देखना बहुत जरूरी है. वह शुभ है या अशुभ. शनि एक राशि में ढाई वर्ष तक रहते हैं. गोचर के अनुसार शनि जिस राशि में स्थित होते हैं, उसके साथ ही उस राशि से दूसरी और बारहवीं राशि पर शनि का प्रभाव साढ़ेसाती कहलाता है. जन्म कुंडली में जिस राशि में चंद्रमा होता है, उस राशि से चतुर्थ और अष्टम भाव में शनि का गोचर ढैया कहलाता है.



किन राशियों पर 2019 में शनि की ढैया और साढ़ेसाती का प्रभाव रहेगा?

शनि की ढैया और साढ़ेसाती हमेशा हमारे कर्मों के आधार पर शुभ या अशुभ परिणाम देती है, क्योंकि शनि को कर्म का कारक माना गया है. वर्ष 2019 में शनि की साढ़ेसाती वृश्चिक, धनु और मकर राशि वाले लोगों पर रहेगी. इसके दुष्प्रभाव से बचने के लिए शनि का उपाय जरूर करें. वर्ष 2019 में शनि की ढैया वृषभ और कन्या राशि वाले लोगों पर रहेगी. ये लोग भी शनि को शुभ करने के लिए कुछ ना कुछ उपाय अवश्य करें.

## गुजरात को हराकर केरल रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

वायनाड। गुजरात को तीसरे ही दिन 113 रन से हराकर केरल ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया । गुजरात को जीत के लिए 195 रन की जरूरत थी लेकिन पूरी टीम 31. 3 ओवर में 81 रन पर आउट हो गई । बासिल थम्पी ने 27 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि संदीप वारियर ने 30 रन देकर चार विकेट चटकाए। गुजरात की शुरुआत बहुत खराब रही और छठे ही ओवर में कथान डी पटेल आउट हो गए जिन्हें थम्पी ने बोल्ड किया ।

## भारतीय डिफेंडर अनस ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉलर अनस इदाथोदिका ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। केरला ब्लास्टर्स और भारत के 31 वर्षीय सेंटर बैक अनस ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी। अनस ने हालांकि कहा कि वह क्लब फुटबॉल खेलते रहेंगे क्योंकि इस खेल से उन्हें असीम प्यार है। अनस ने इंस्टाग्राम पर जारी संदेश में कहा कि वह युवाओं को मौका देना चाहते हैं और इसी कारण यह फैसला ले रहे हैं।



अनस ने लिखा, 'भारी मन से मैं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले रहा हूं। मेरे लिए यह काफी कठिन फैसला है। मैं कुछ और साल खेलना चाहता था लेकिन अब युवाओं को मौका देने के लिए यह मेरे लिए संन्यास का सबसे उपयुक्त समय है। राष्ट्रीय टीम में आने के लिए मुझे 11 साल तक इंतजार करना पड़ा। यह मेरे कॅरिअर का सबसे शानदार पल था। हालांकि मेरा सफर छोटा था लेकिन इस दौरान मैंने टीम के लिए अपना 100 फीसदी देने का प्रयास किया।'

## विनेश फोगाट ने रचा इतिहास, इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली। शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट प्रतिष्ठित लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्डर्स में नामांकित होने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं, जिनका आयोजन 18 फरवरी को किया जाएगा। 24 साल की इस पहलवान ने चोट के कारण लंबे समय बाद शानदार वापसी करते हुए गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों और जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। उन्हें लारेस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर (साल में वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) की श्रेणी में नामांकित किया गया है।



हरियाणा की इस पहलवान को 2016 ओलंपिक खेलों की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल के दौरान घुटने के जोड़ में चोट लगने के बाद स्ट्रेचर में लिटाकर बाहर ले जाया गया था, उन्हें अमेरिकी टूर चैम्पियनशिप के विजेता गोल्फर टाइगर वुड्स के साथ इसमें नामांकित किया गया है जिन्होंने पांच साल के बाद अपना पहला टूर्नामेंट जीता है।

इनके अलावा जापान के फिगर स्केटर युजुरू हानयू, कनाडा के स्नोबोर्डर मार्क मैकमोरिस, अमेरिका के महान स्की रेसर लिंडसे वोन और नीदरलैंड के पैरालंपिक चैम्पियन बिबियन मेंटल स्पी को भी इसमें नामांकित किया गया है।

## ककक



तवे पर 5 मिनट में बनाना सीखिए आलू कुलचा

कुलचा तंदूर में बनते हैं. लेकिन घर में बनाना हो और तंदूर या ओवन न हो तो फिर कैसे बनाया जाए. हम बता रहे हैं ऐसा तरीका जिससे घर पर और लोहे के तवे पर शानदार आलू कुलचा बनाया जा सकता है.

एक नजर
रेसिपी l[ जीन - इंडियन
समय -30 मिनट से 1 घंटा
मील टाइप - वेज
आवश्यक सामग्री
भरावन का मसाला6 उबले आलू
1/2 टीस्पून नमक
1/2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर
1/2 गरम मसाला
1 टीस्पून चाट मसाला
2 हरी मिर्च, बारीक काट लें
1 टेबलस्पून बारीक कटी धनियापत्ती
कुलचा के लिए सामग्री
2 कप मैदा
2 टेबलस्पून पिसी शक्क र
1 टीस्पून नमक
1/2 कप दही
इनो पाउच
जरूरत के अनुसार पानी
सूखा मैदा

विधि- सबसे पहले आलू को छीलकर मैश कर लें.

मैश करने के बाद इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, चाट मसाला, हरी मिर्च और धनियापत्ती डालकर अच्छी तरह मिला लें.

एक बर्तन में मैदा, शक्क र, नमक, दही, इनो और थोड़ा-सा पानी डालकर अच्छी मिला लें. गूंदते हुए मैदा का एक सॉफ्ट आटा तैयार कर लेंगे.

गूंदते वक्त इसमें जरूरत अनुसार पानी मिलाते जाएं.

आटे को ढककर 20 मिनट के लिए रख देंगे.

20 मिनट आटे पर एक चम्मच तेल डालकर अच्छी तरह गूंद लें.

अब आटे से एक बड़ी लोई लेकर हल्का दबा दें.

सूखा मैदा लगाकर हल्का मोटा बेल लें. फिर इसके बीच में एक चम्मच आलू का मिश्रण रखकर चारों तरफ से पैक करके फिर से लोई बना लें.

## शब्द सामर्थ्य-52

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 51 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू-49

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.51 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |